भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2011**

जिसका उत्तर 03 अगस्त, 2018 को दिया जाना है।

12 श्रावण, 1940 (शक)

## आन्ध्र प्रदेश आवास निगम लाभार्थियों के आधार डाटा एवं बैंक ब्यौरों का लीक होना

**2011. श्री संजय सिंह**:

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि आन्ध्र प्रदेश आवास निगम के 1,34,000 से अधिक लाभार्थियों के आधार आंकड़े और बैंक ब्यौरे ऑनलाइन लीक हुई हैं, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या यह भी सच है कि मंत्रालय ने दिनांक 06 अप्रैल, 2018 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 421 के दिए गए उत्तर में इस तरह से लीक होने की किसी बात से इनकार किया है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) मंत्रालय अथवा यूआईडीएआई द्वारा इस मामले में अब तक क्या महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है?

उत्तर

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री एस.एस. अहलुवालिया)**

**(क)** और **(ख)** : यूआईडीआई डेटाबेस से कोई आधार डेटा लीक नही हुआ है।

**(ग)** : यह प्रश्न ही नहीं उठता है।

******